मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 150 ■ रविवार, 31 अगस्त 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

## फायरिंग मामले में 3 गिरफ्तार

- हिललाइन पुलिस ने की गिरफ्तारी
- घटना में दो गंभीर रूप से घायल, इलाज जारी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 5 हिललाइन थाना क्षेत्र के साईं कॉलोनी इलाके में बुधवार देर रात हुई गोलीबारी से इलाके में हड़कंप मच गया था। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करतेद हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोनू शेख और उसके साले योगेश मिश्रा के बीच कुछ समय से काफी विवाद चल रहा था और इसी गुस्से के कारण बुधवार रात करीब 10:30 बजे, जब योगेश मिश्रा अपने साथी धीरज विट्ठले के साथ जा रहे थे, मोनू शेख अपने चार साथियों के साथ वहां पहुंचा और दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में योगेश मिश्रा को बंदूक से गोली लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पता चला है कि उनकी हालत नाजुक है। धीरज विट्ठले पर चाकू से वार किया गया था। इस बीच, हिललाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोनू शेख, जुनैद शेख और अभिमन्यु पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# यह खुदकुशी नहीं हत्या है : पुरुषोत्तम खानचंदानी

## पति व बेटी का बड़ा खुलासा

## नहीं रही पर्यावरण प्रेमी एड. सरिता खानचंदानी

- शिवसेना उबाठा नेता व पदाधिकारियों पर लगाए आरोप
- हमारी जान को भी खतरा - स्पर्श खानचंदानी
- इंसाफ के लिए हाईकोर्ट जाएंगे- पुरुषोत्तम
- हमेशा कानून के तहत इंसाफ के लिए लड़ी
- इंसाफ नहीं मिलने और झूठे केस में फंसाने से दुखी थी सरिता





उल्हासनगर। उल्हासनगर में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में अपना बड़ा योगदान देने वाली और कानून का पालन करने के लिए प्रेरित करने व सामाजिक लड़ाई लड़ने वाली निडर एडवोकेट सरिता खानचंदानी आज हमारे बीच नहीं रही। यह उल्हासनगर शहर का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि शहर सुधार के लिए हमेशा लड़ने वाली इस निडर महिला का आज इस तरह अंत होगा। शहर के इतिहास में वो अमर हो चुकी है। उनके इस आत्महत्या पर उनके पति एड. पुरुषोत्तम खानचंदानी ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी की हत्या हुई है। उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाया गया है और इंसाफ के लिए वो हाईकोर्ट जाएंगे क्योंकि उन्हें स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं है। इस मामले में पुलिस ने अपना अब तक कोई भी पक्ष नहीं रखा है।

एड. पुरुषोत्तम खानचंदानी ने अपनी की आत्महत्या के मामले में बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है और अपनी पत्नी को इंसाफ दिलाने के लिए वो हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि सरिता खानचंदानी ने महिला जिया गोकलानी को इंसाफ दिलाने के लिए उसे कई वर्ष अपने साथ रखा और उसने शिवसेना उबाठा के नेताओं व पदाधिकारियों के साथ मिलकर यह खेल रचा है। यह आरोप श्री खानचंदानी ने लगाया है। वहीं चौंकाने वाली बात यह भी सामने आयी है कि सरिता खानचंदानी ने आत्महत्या करने के पूर्व पुलिस स्टेशन में यह कहकर निकली है कि वो आत्महत्या करनी जा रही है लेकिन किसी ने भी उसे नहीं रोका। सरिता की बेटी स्पर्श खानचंदानी ने भी आरोप लगाया है कि मेरी मां ने हमेशा से ही इंसाफ की लड़ाई लड़ी और अब वो नेता हमें भी टारगेट करने वाले हैं अगर हमें भी कुछ होता है तो वही जिम्मेदार होंगे। दोनों ने कहा कि उन्हें पुलिस का साथ नहीं मिला है अगर पुलिस साथ होती तो शायद सरिता खानचंदानी जीवित होती।

### कैसी हुई घटना....

- ज्ञात हो कि गुरुवार 28 अगस्त को उल्हासनगर 4 स्थित विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के सामने स्थित रोमा अपार्टमेंट के टैरेस से कूदकर उन्होंने अपनी जान दे दी है। यह घटना दोपहर करीब 12 बजे घटी। उनके 7वीं मंजिल पर खड़े होकर भगवान को प्रणाम कर छलांग लगाई यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।
- गंभीर रूप से श्रीमती खानचंदानी को तुरंत आशीर्वाद अस्पताल फिर बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर मैक्सीलाइफ अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बाद में डोंबिवली के एम्स अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उसी दिन रात को 10 .30 बजे श्रीमती खानचंदानी का अंतिम संस्कार किया गया। इस चौंकाने वाली घटना से पूरे उल्हासनगर शहर में हड़कंप मच गया है।

### भावपूर्ण श्रद्धांजलि....!

- एडवोकेट सरिता खानचंदानी 'हिराली फाउंडेशन' नामक गैर-सरकारी संगठन की संस्थापक थीं। उन्होंने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। उन्होंने शहर में देर रात बजने वाले डीजे, जुलूसों में अवैध शोर और इससे होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। उनकी पहल से शहर में ध्वनि प्रदूषण को कम करने में बड़ी सफलता मिली है।
- उन्होंने वालधुनी नदी के प्रदूषण के खिलाफ कई याचिकाएँ भी दायर की और नागरिकों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया। पर्यावरणविद् सरिता खानचंदानी के निधन से उनके प्रशंसकों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा और निडर होकर कई नेताओं और संतों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण संबंधित शिकायतें की थी जिसमें वो सफल रही। अवैध बैनरों के खिलाफ भी मुहिम छेड़ी हुई थी।
- उनकी इस कुर्बानी को जाया नहीं होंगे देंगे ऐसा उनके समर्थकों का कहना है। उनकी लड़ाई उनके परिवार व समर्थक जारी रखेंगे। इस घटना से शहर के कई लोग आज भी सदमे में हैं। दै. उल्हास विकास परिवार की ओर से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

## शैलेश शिर्के अंबरनाथ मनसे शहराध्यक्ष नियुक्त

- राज ठाकरे ने उन्हें नियुक्ति पत्र दिया
- आगामी चुनाव को देखते हुए पक्ष कार्यकर्ताओं में नवचैतन्य



⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के शहर अध्यक्ष की कमान शैलश शिर्के को सौंपी गई है. कुछ दिनों पूर्व मनसे अध्यक्ष कुणाल भोईर ने अपने तीन पूर्व नगरसेवकों को साथ में लेकर शिवसेना शिंदे गट में प्रवेश किया था. पक्ष को बल मिले इसके लिए मनसे पक्ष प्रमुख राज ठाकरे ने अंबरनाथ शहर अध्यक्ष पद पर शैलेश शिर्के की नियुक्ति की है. शनिवार को ठाणे में पक्ष कार्यकर्ता सम्मेलन में राज ठाकरे ने शिर्के की पीठ थपथपाते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र दिया है. पक्ष स्थापना से आज तक शिर्के मनसे का कार्य करने के लिए सक्रिय हैं. उन्होंने शहर विकास एवं विविध सामाजिक कार्य के लिए पत्र व्यवहार एवं आंदोलन करके पक्ष को मजबूती की ओर ले गए हैं.

कुछ दिनों पहले चार पूर्व नगरसेवकों कुणाल भोइर, संदीप लकड़े, स्वप्निल बागुल, अपर्णा भोईर ने मनसे पक्ष को छोड़कर शिवसेना में प्रवेश किया था. शिर्के ने उनके खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा था कि आगामी नगर परिषद के चुनाव में वह चारों को सबक सिखाएंगे. आगामी चुनाव को देखते हुए मनसे को शहर में एक डेरिंगबाज अध्यक्ष मिलने से मनसे कार्यकर्ताओं में एक नवचैतन्य देखा जा रहा है. उन्होंने कहा है कि आगामी चुनाव में वह गद्दारों को भारी सबक सिखाएंगे.

## ठाकरे को छोड़ शिंदे सेना में शामिल हुए दो पूर्व नगरसेवक



- दो पूर्व नगरसेवक शेखर यादव व संगीता सपकाले
- उबाठा को बड़ा झटका
- उपमुख्यमंत्री शिंदे की मौजूदगी में प्रवेश

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है और उबाठा गुट को बड़ा झटका लगा है। शहर की पुरानी और महत्वपूर्ण मानी जाने वाली उल्हासनगर 4 स्थित मराठा सेक्शन की केंद्रीय शाखा अब शिंदे गुट के नियंत्रण में आ गई है। आज पूर्व नगरसेवक शेखर यादव और पूर्व नगरसेविका संगीता सपकाले अपने कार्यकर्ताओं के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिंदे गुट में शामिल हो गए। इस प्रवेश से उल्हासनगर में शिंदे गुट की ताकत काफी बढ़ गई है और संकेत मिल रहे हैं कि शिंदे गुट आगामी मनपा चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगा। पार्टी में शामिल होने के बाद कैंप 4 स्थित केंद्रीय शाखा के बाहर पटाखे फोड़कर और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के साथ जश्न मनाया गया।

### शिवसेना शाखा अब शिंदे सेना के नियंत्रण में

इस दौरान शाखा पर लगे उबाठा गुट के बैनर को फाड़कर शिंदे गुट का बैनर लगा दिया गया। शेखर यादव और संगीता सपकाले के आने से शिंदे गुट की ताकत दोगुनी हो गई है और उल्हासनगर की राजनीति में शिंदे गुट और उबाठा गुट के बीच सीधी टक्कर होने की संभावना है। इस बीच, इन घटनाक्रमों से साफ़ ज़ाहिर है कि उबाठा गुट को झटका लगा है और उल्हासनगर शहर में उनका भविष्य सवालों के घेरे में है।



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से हुआ हादसा दिल दहला देने वाली घटना है। माना जा रहा है कि मलबे में अभी भी कई लोग दबे हो सकते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह त्रासदी कितनी भयावह है। इस हादसे ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। मसलन, जब इस तरह की आपदा को लेकर पहले से चेतावनी जारी की गई थी तो श्रद्धालुओं को रोका क्यों नहीं गया? अगर अधिकारी समय रहते कदम उठाते, तो जानी नुकसान को टाला जा सकता था। यही नहीं, जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

कई आवासीय इलाके जलमग्न हैं, दूरसंचार सेवाएं ठप हैं और सड़कों के अवरुद्ध होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऐसा लगता है कि शासन और प्रशासन ने पूर्व में आई प्राकृतिक आपदाओं से कोई सबक नहीं लिया है। इससे पहले हाल में किश्तवाड़ में बादल फटने से आई बाढ़ में कई लोगों की जान चली गई थी।

हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर कहा जा रहा है कि भूस्खलन की वजह बादल फटने का परिणाम था और भारी बारिश के मद्देनजर इस हादसे से पहले ही वैष्णो देवी मार्ग पर तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। जबकि, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अधिकारियों से पूछा है कि जब इस आपदा की पूर्व चेतावनी दी गई थी तो तीर्थ यात्रियों को मार्ग पर जाने से क्यों नहीं रोका गया। मगर, सवाल यह भी है कि अगर यात्रा रोक दी गई थी तो हादसे में इतने लोगों की जान कैसे चली गई?

इसमें दोराय नहीं कि भूस्खलन और बाढ़ की इस आपदा से उबरने में लोगों को काफी वक्त लगेगा, क्योंकि पुलों और सड़कों से लेकर इमारतों तथा सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को काफी क्षति पहुंची है। यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर पहाड़ दरक रहे हैं, जमीन धंस रही है और नदियां उफन रही हैं, तो इसके मूल में क्या कारण हैं। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि प्रकृति से हो खिलवाड़ को कैसे रोका जाए। पहाड़ी इलाकों में अवैज्ञानिक तरीके से निर्माण और खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाना अब जरूरी हो गया है।

# आधी आबादी के बिना अधूरी है पूरी व्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से एक बार फिर आत्मनिर्भर भारत की बात की। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उन्होंने कहा, 'एक राष्ट्र के लिए आत्मसम्मान की सबसे बड़ी कसौटी आज भी उसकी आत्मनिर्भरता है। विकसित भारत का आधार भी है आत्मनिर्भर भारत। आत्मनिर्भरता का नाता हमारे सामर्थ्य से जुड़ा हुआ है और जब आत्मनिर्भरता खत्म होने लगती है, तो सामर्थ्य भी निरंतर क्षीण होता जाता है और इसलिए हमारे सामर्थ्य को बचाए, बनाए और बढ़ाए रखने के लिए आत्मनिर्भर होना बहुत अनिवार्य है।'

आत्मनिर्भरता भारत की संकल्पना ही नहीं, अपितु वह सत्य है, जो आत्मबल की कथा लिखती है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अपेक्षित ही नहीं, अपरिहार्य भी है। नारी शक्ति अब केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय अभियान बनना चाहिए। विगत एक दशक में महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सक्रिय भागीदार भी बन चुकी हैं। देश की आधी आबादी का सशक्तीकरण अब सामाजिक सुधार नहीं, बल्कि विकास की रणनीति बनने को है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 ने भारत में महिला श्रम भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि को उजागर किया, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि के कारण हुआ।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में मुद्रा योजना से बदलते आर्थिक परिदृश्य और महिलाओं के सशक्तीकरण में उसकी अहम भूमिका की चर्चा की। मुद्रा योजना के कुल लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो देश भर में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को आगे बढ़ाने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2016 और वित्त वर्ष 2025 के बीच प्रति महिला प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की वितरण राशि 13 प्रतिशत से बढ़कर 62,679 रुपये तक पहुंच गई, जबकि प्रति महिला वृद्धिशील जमा राशि वर्ष दर वर्ष 14 प्रतिशत बढ़कर 95,269 रुपये हो गई। ऋण वितरण में महिलाओं की अत्यधिक हिस्सेदारी वाले राज्यों ने महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई के माध्यम से काफी अधिक रोजगार सृजन किया है, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और श्रम बल भागीदारी को बढ़ाने में लक्षित वित्तीय समावेशन को मजबूत करता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार यह योजना महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को वित्त तक पहुंच प्रदान करने में सहायक रही है। आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव के शिल्पकार 'महिला स्वयं सहायता समूह' भी हैं, जिनकी प्रधानमंत्री ने लाल किले से प्रशंसा करते हुए कहा, 'पिछले 10 साल में वूमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप ने कमाल करके दिखाया है। आज उनके प्रोडक्ट दुनिया के बाजार में जाने लगे हैं।' स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर भारत का नवीन कथानक लिख रहे हैं। 31 जनवरी, 2025 तक लगभग 10.05 करोड़ महिला परिवारों को 90.90 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में शामिल किया गया है। स्वयं सहायता समूह आमतौर पर समान सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि वाली 10-12 महिलाओं का एक समुदाय होता है। प्रधानमंत्री ने 'नमो ड्रोन दीदी नारी शक्ति योजना' का भी उल्लेख किया। 15 अगस्त, 2023 को प्रारंभ की गई नमो ड्रोन दीदी योजना स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को कृषि में ड्रोन के उपयोग के लिए 80 प्रतिशत सब्सिडी (आठ लाख रुपये तक) और प्रशिक्षण प्रदान करके सशक्त बनाती है, जिससे उनकी आय सालाना एक लाख रुपये से अधिक तक बढ़ जाती है, टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिलता है और ग्रामीण रोजगार एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है। इस योजना का उद्देश्य 2024-25 से 2025-2026 की अवधि के दौरान 15,000 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करना है, ताकि कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराए की सेवाएं प्रदान की जा सकें। लीक से हटकर करने की चाह को जब सरकारी संरक्षण और प्रोत्साहन प्राप्त हो तो महिलाओं को सशक्त और संबल होने से कोई नहीं रोक सकता। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत देश भर में महिला सशक्तीकरण परियोजना चल रही है।




अहंकार मन से उत्पन्न होता है। यह मन का तरीका है ताकि हम बाकी सब से खुद को अलग समझें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# टैरिफ विवाद ने बिगाड़े भारत-अमेरिका रिश्ते

भारत और अमेरिका के बीच शुल्क के मसले पर जिस तरह खींचतान की स्थिति बन गई है, उसमें भारत के सामने निश्चित रूप से नई चुनौतियां खड़ी हुई हैं। मगर यह भी सही है कि भारत इससे निपटने के लिए सभी मौजूद वैकल्पिक रास्ते अपना रहा है, नए उपाय निकाल रहा है, ताकि अमेरिकी शुल्क थोपे जाने का देश पर कोई बड़ा असर न पड़े। इसके समांतर शुल्क नीति से उपजे दबाव में आने के बजाय भारत ने अमेरिका के सामने भी अपने फैसले पर फिर से विचार करने का विकल्प खुला रखने का मौका छोड़ा हुआ है।

यही वजह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार शुल्क लगाने और इसके परिणाम भारत पर पड़ने का हवाला देने के बावजूद ऐसी गुंजाइश बनाने की कोशिश करते दिख रहे हैं कि दोनों देशों के बीच संवाद बहाल हो और कोई नया रास्ता निकले। गौरतलब है कि पचास फीसद शुल्क लगाने का अमेरिकी फैसला लागू हो चुका है और अब भारत के सामने इससे उपजी नई परिस्थितियों से निपटने की चुनौती है। जाहिर है, अब इसी को ध्यान में रखते हुए भारत को आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर कदम उठाने की जरूरत है।

इसी क्रम में शुल्क लगाए जाने के असर को कम करने के लिए सरकार की ओर से बहुस्तरीय प्रयास जारी हैं। मगर



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी होने वाली तात्कालिक बाधाओं के बरक्स दीर्घकालिक दृष्टि से समस्या का समाधान निकालना वक्त की जरूरत होती है। यह अमेरिका भी समझता है कि शुल्क लगाने का असर फिलहाल भारत पर जो भी पड़े, लंबे समय में इसके नुकसानों से वह भी अछूता नहीं रहेगा। शायद इसीलिए इस मुद्दे पर टकराव की स्थिति खड़ी हो जाने के बाद अब अमेरिका की ओर से भी समाधान के लिए कदम बढ़ाने के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। दोनों देशों में उच्चस्तर से इस बात की संभावना जताई गई है कि भारत और अमेरिका के बीच संवाद के रास्ते खुले हैं और शुल्क मुद्दे को सुलझाने के प्रयास जारी रहेंगे। खुद अमेरिकी वित्त मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में कहा कि निश्चित रूप से यह एक 'उलझा हुआ मामला' है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों देश 'आखिरकार' एक साथ आ जाएंगे। इसी तरह, यह भी माना जा रहा है कि भारत और अमेरिका के बीच दीर्घकालिक संबंधों का यह एक अस्थायी दौर है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग देशों और उनसे बने घोषित-अघोषित समूहों के बीच हितों के सवाल खड़े होते रहते हैं और कई बार प्रतिद्वंद्विता और इससे आगे टकराव के हालात भी पैदा होते हैं। इस लिहाज से देखें, तो भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के किसी सकारात्मक निष्कर्ष तक पहुंचने को लेकर अब भी उम्मीद बनी हुई है। हालांकि अमेरिका ने भारी शुल्क लगाने की रणनीति का सहारा शायद इसीलिए लिया, ताकि वह व्यापार वार्ता में अपने हित में फैसले लिए जाने के मसले पर भारत पर दबाव बना सके। इसी कड़ी में रूस से तेल खरीदने पर जुर्माने के तौर पर शुल्क का फीसद बढ़ाने का फैसला भी शामिल था। हालांकि रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका अपने और अन्य देशों के संदर्भ में खुद ही विरोधाभासी नीतियां अपनाने के आरोप में घिरा है। अमेरिका और भारत के बीच हाल के वर्षों में जिस तरह के समीकरण बने थे, उसका स्वरूप दोनों पक्षों के दीर्घकालिक हित सुनिश्चित करना था। जरूरत इस बात की है कि अमेरिका तात्कालिक हितों को प्राथमिकता देने के बजाय दूरगामी हित को ध्यान में रख कर अपने रुख पर विचार करे।

# शख्स ने लगाया वीआईपी भिखारी का बैनर, शर्तें देख सकते में आ गए लोग

जरा हट के

कोई काम कभी छोटा बड़ा नहीं होता, उसे करने का तरीका उसे छोटा बड़ा बनाता है. यह बात आपने जरूर सुनी होगी. बहुत से लोग इसे प्रोफेशन या व्यवसाय पर लागू करते हैं, बल्कि इसी से प्रेरित हो कर कुछ कामों को व्यवसाय का दर्जा देने की कोशिश करते हैं. फिर भी समाज में कुछ काम बहुत ही बेकार किस्म के माने जाते हैं. भीख मांगना ऐसा ही काम है जो खुद अपने आप में एक तरह की सामाजिक कुरीति मानी जाती है. लेकिन इस पर कई तरह के लतीफे बनते हैं, चुटकुले बनते हैं.सोशल मीडिया पर भी लोग इस पर कई तरह के फनी वीडियो बनाते हैं. एक वीडियो में एक भिखारी ने एक बैनर बनवाया है जिसमें उसने खुद को वीआईपी भिखारी बताया है. बैनर की अन्य बातें लोगों को खूब हंसा रही हैं.

### वीआईपी भिखारी का बैनर

एक सड़क के किनारे एक भिखारी आराम से लेटा है और ऊपर खंभे पर एक बैनर लगा




हुआ है. बैनर में उसी तरह के शर्तें या सुविधाएं लिखी हुई हैं जैसे की अन्य व्यवसाय या दुकान के लिए लिखी होती है. लेकिन भिखारी की लिखी बातें कुछ अजीब ही लगती है. उसने पहले तो खुद को एक वीआईपी भिखारी ही करार दिया है. उसके बाद उसने न्यूनतम भीख की सीमा 200 रुपये निर्धारित कर रखी है.

### शर्तें या सुविधाएं?

इसके अलावा उसने भीख लेने का समय भी तय कर लिखा हुआ है जैसे की किसी दुकान के लिए लिखा होता है. इसके बाद शख्स ने एक खास सुविधा अपने ग्राहकों के लिए रखी है. उसने बताया है कि भीख आनलाइन भी ली जाती है. यानी अब उसके ग्राहकों को छुट्टे या खुल्ले पैसों की परवाह नहीं करनी होगी. इसके साथ ही बैनर पर क्यूआर कोड भी छपा हुआ है.

### क्या मिलेगी ऐसे भीख?

पोस्टर में शख्स की तस्वीर लगी हुई है. रेलवे ट्रैक के पास इस बैनर के साथ लेटे हुए इस भिखारी की लोग हंस हंस कर तस्वीर ले रहे हैं. वहीं बहुत से लोग आते जाते हुए मुड़ मुड़ कर इस वीआईपी भिखारी को देख रहे हैं. जबकि उसे कोई भीख देता नहीं दिख रहा है. यह देख कर एक सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि क्या ऐसे भिखारी को कोई भीख दे भी सकता है?




# पनीर शेजवान ब्रेड रोल

अगर आप शाम की छोटी मोटी भूख के लिए कुछ नाश्ते की तलाश में हैं तो पनीर शेजवान ब्रेड रोल एक आसान और स्वादिष्ट विकल्प हो सकता है। इसे बनाना भी बहुत आसान है।

### सामग्री :

**स्टफिंग के लिए**

- पनीर 200 ग्राम (कद्दूकस किया हुआ)
- शेजवान सॉस तीन बड़े चम्मच
- प्याज एक बारीक कटा हुआ
- शिमला मिर्च एक बारीक कटी हुई
- हरी मिर्च
- नमक स्वादानुसार
- काली मिर्च पाउडर एक चौथाई चम्मच
- तेल एक बड़ा चम्मच
- हरा धनिया दो बड़े चम्मच
- रोल बनाने के लिए
- ब्रेड स्लाइस आठ किनारे काट लें
- मैदा दो बड़े चम्मच



- तेल फ्राई करने के लिए

### विधि :


एक पैन में तेल गर्म करें, उसमें प्याज और शिमला मिर्च डालकर दो मिनट तक भून लें। हरी मिर्च, पनीर, शेजवान सॉस, नमक और काली मिर्च डालकर अच्छी तरह मिला लें। आखिर में हरा धनिया डालकर गैस बंद कर दें। स्टफिंग को ठंडा होने दें। अब ब्रेड स्लाइस के किनारे काट लें। ब्रेड को हल्का पानी छिड़ककर बेलन से बेल लें। बीच में स्टफिंग रखकर रोल की तरह टाइट रोल कर लें। किनारे बंद करने के लिए मैदा-पानी की स्लरी लगाएं। अब कड़ाही में तेल गर्म करें। ब्रेड रोल को सुनहरा और क्रिस्पी होने तक डीप फ्राई करें। आपका पनीर शेजवान ब्रेड रोल तैयार है। गरमागरम पनीर शेजवान ब्रेड रोल को टोमैटो केचअप या ग्रीन चटनी के साथ सर्व करें।

# क्या आपको भी है बार-बार भूलने की आदत?

### दिमाग तेज करने के लिए डाइट में शामिल करें चार सुपरफूड्स

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में, तनाव, नींद की कमी और गलत खानपान के कारण बार-बार भूलने की आदत एक आम समस्या बन गई है। यह समस्या सिर्फ अधिक उम्र के लोगों में ही नहीं, बल्कि युवाओं में भी देखने को मिल रही है। अगर आप भी छोटी-छोटी बातें भूल जाते हैं, जैसे चाबियां कहां रखी हैं या कोई महत्वपूर्ण तारीख, तो यह आपके लिए एक चेतावनी हो सकती है।

दिमाग को तेज करने और याददाश्त को बेहतर बनाने में आहार अहम भूमिका निभाती है। कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ होते हैं जिनका सेवन करने से आपका दिमाग स्वस्थ और सक्रिय रहता है, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इन सुपरफूड्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप अपनी याददाश्त को मजबूत बना सकते हैं। इतना ही नहीं आप अपनी ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ा सकते हैं और मानसिक थकान को भी कम कर सकते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही चार खाद्य पदार्थ के बारे में जानते हैं।



### अखरोट

अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड दिमाग की कोशिकाओं के निर्माण और कार्यप्रणाली के लिए बहुत जरूरी होता है। यह याददाश्त को सुधारता है और अल्जाइमर जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

### बादाम

बादाम को सदियों से दिमाग के लिए एक बेहतरीन सुपर फूड माना जाता रहा है। बादाम में विटामिन ई, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। विटामिन ई दिमाग की कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाता है, जिससे दिमाग की कार्यक्षमता बेहतर होती है। रोज सुबह भीगे हुए बादाम खाने से याददाश्त और सीखने की क्षमता में सुधार होता है।

### कद्दू के बीज

कद्दू के छोटे-छोटे बीज दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर और आयरन जैसे महत्वपूर्ण खनिज होते हैं। ये सभी पोषक तत्व दिमाग के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी होते हैं। जिंक याददाश्त और सोचने की क्षमता को बेहतर बनाता है, जबकि मैग्नीशियम दिमाग की कोशिकाओं के बीच संचार को सुधारता है।

### डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स और कैफीन होते हैं। ये दोनों ही दिमाग में रक्त के प्रवाह को बढ़ाते हैं, जिससे दिमाग अधिक सक्रिय रहता है। हालांकि, डार्क चॉकलेट का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए, क्योंकि इसमें कैलोरी भी होती है। इन सब के साथ अपने फोकस और याददाश्त को सक्रिय रखने के लिए संतुलित आहार और रोज व्यायाम को भी प्राथमिकता दें।

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**वृषभ** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें। विवाद में न पड़ें। पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा।

**मिथुन** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क** : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**सिंह** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें। हानि संभव है। विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें।

**कन्या** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**तुला** : व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा।

**वृश्चिक** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें।

**धनु** : योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। मनोरंजन का समय मिलेगा।

**मकर** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**कुंभ** : हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**मीन** : किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा। बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बार-बार पिंपल्स से हो रहे हैं परेशान



### इस घरेलू विधि से पाएं मुक्ति

यूं तो चेहरे पर कील-मुंहासों का चेहरे पर होना सामान्य है, लेकिन इनकी वजह से चेहरे की सुंदरता छिन जाती है. लेकिन संतुलित डाइट और खूब पानी पीकर मुंहासों से बचा जा सकता है और स्किन में भी चमक बरकरार रहती है. रीवा के आयुर्वेद हॉस्पिटल में इन दिनों कील मुहांसो से परेशान ज्यादा पहुंच रहे हैं. जब हमने इस विषय पर रीवा आयुर्वेद हॉस्पिटल के डीन डॉक्टर दीपक कुलश्रेष्ठ से बात की तो उन्होंने कील मुहांसे होने के कारण बताए. साथ ही घरेलु उपचार भी बताया.

डॉक्टर दीपक कुलश्रेष्ठ कहते हैं कि किसे भला चेहरे पर कील, मुंहासे और दाग-धब्बे अच्छे लगेंगे, लेकिन यह एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना ज्यादातर लोगों को करना पड़ता है. खासकर महिलाओं को मुंहासों की वजह से कॉन्फिडेंस में कमी का सामना करना पड़ता है.

सबसे पहले तो यह जान लें कि अगर आप अपने शरीर को अच्छे से डिटॉक्स करेंगे तो आपको अंदर से स्किन प्रॉबलम्स ना के बराबर होंगी. पानी शरीर में मौजूद विषाक्त तत्वों को बाहर निकालता है, जिससे आपके शरीर के साथ ही स्किन भी हेल्दी होती है. चेहरे के कील मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए रोजाना 8-10 गिलास पानी पीने की आदत जरूर बनाएं.

हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन, मिनरल और फाइबर होता है, जो शरीर को अंदर से पोषण देता है. इससे आपकी स्किन भी जवान और साफ रहती है, इसलिए अपनी डेली की डाइट में पालक, मेथी, केल, ब्रोकली, खीरा, शकरकंद, गाजर और शिमला मिर्च जैसी सब्जियां शामिल करें.


मौसमी फलों का नियमित सेवन करें. ये आपके शरीर के लिए काफी फायदेमंद भी है. हर मौसम में फलों का सेवन आपके शरीर के साथ ही स्किन के लिए भी जरूरी होता है. यह आपको अंदर से सुंदर बनाता है.

जवानी की ओर कदम रखते ही हर कोई अपने चेहरे को सुंदर बनाने में लग जाते हैं, लेकिन यही वह उम्र है जब चेहरे कील-मुंहासों दाग-धब्बों से भर जाता है. दरअसल, इस उम्र में शरीर में कई तरह के परिवर्तन होने लगते हैं और कई हार्मोन का लेवल अपने चरम पर होता है.

चेहरे को साफ करते रहे- कील-मुंहासे होने पर हमेशा चेहरे को पानी से धोते रहे. जब भी बाहर से वापस आए चेहरे को जरूर धोएं. चेहरे धोने के बाद इसे तुरंत न पोछें. एक-दो मिनट के बाद मुलायम कपड़े से हल्का स्किन को टच होने दें. इसे दबाकर चेहरे को साफ नहीं करें वरना पिंपल्स फूट जाएंगे और ये स्किन में अन्य जगह भी पहुंच जाएंगे.

डॉक्टर कुलश्रेष्ठ ने बताया कि यदि कील-मुंहासे को कभी भी दबाएं या इसे फोड़े न या इसे झेड़े न. जैसा है वैसा ही रहने दें. यदि कील-मुंहासे से पस निकल गया तो इसमें मौजूद बैक्टिरिया या फंगस बाकी हिस्से में भी पहुंच जाएंगे और वहां भी कील-मुंहासे को जन्म दे देंगे जिससे चहरे पर गहरे दाग बन सकते हैं.

# ये फल है गुणों की खान



अक्सर खेतों के किनारे और खाली जगह पर आपने देखा होगा खरपतवार नुमा पौधे पर छोटे लाल टमाटर के जैसे फल लगे रहते हैं. इसको देखकर आप सोचते होंगे कि यह क्या चीज है. लेकिन यह एक औषधि गुणों वाला पौधा है. अगर यह पौधा आपको कहीं दिखे तो इसके फल तुरंत तोड़ लें. इसे रसभरी के नाम से जाना जाता है. इसका स्वाद मीठा होता है और इस कारण इस रसभरी कहा जाता है. इसमें कैरोटीनॉयड, विटामिन सी, विटामिन के, पोटेशियम और आयरन जैसे तत्व पाए जाते हैं.

आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि रसभरी को आयुर्वेद में भी उपयोग में लिया जाता है. मुख्य रूप से यह शारीरिक कमजोरी को दूर करने के साथ-साथ शुगर को नियंत्रित रखने में मददगार होती है. उन्होंने बताया कि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने में सहायक है.

इसका रस पीने से जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों की तकलीफ से भी राहत मिलती है. पारंपरिक रूप से इसे प्राकृतिक दर्द निवारक माना जाता है. इसके अलावा यह इम्युनिटी भी मजबूत करता है. यही वजह है कि इसे प्राकृतिक हर्बल टॉनिक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है.

आयुर्वेदिक चिकित्सक ने बताया कि यह छोटे टमाटर नुमा फल लीवर की सेहत के लिए रसभरी बेहद फायदेमंद माने जाते हैं. इसमें पाए जाने वाले हेपेटोप्रोटेक्टिव गुण लीवर को मुक्त कणों के नुकसान से बचाते हैं. इसके अलावा इसका सेवन से लीवर के कार्य बेहतर ढंग से होते हैं और पाचन तंत्र को भी मजबूती मिलती है. यही कारण है कि इसे आयुर्वेद में लीवर टॉनिक कहा गया है.

इसके अलावा रसभरी पाचन शक्ति को बेहतर बनाने में सहायक है. इसकी पत्तियों का काढ़ा पीने से भूख बढ़ती है और पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है. अगर शरीर में सूजन हो तो रसभरी की पत्तियों का पेस्ट प्रभावित स्थान पर लगाने से भी आराम मिलता है. इसे उदर रोगों का प्राकृतिक उपचार माना जाता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### आरएसएस नेता के बेटे की क्रूर हत्या पर भड़का गुस्सा, बुलडोजर ऐक्शन की मांग पर अड़े

**कुशीनगर.** यूपी के कुशीनगर के कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में शुक्रवार की शाम को खेत में पशु चराने को लेकर हुए झगड़े में दबंगों ने आरएसएस के जिला सह संघ चालक के बेटे उत्कर्ष सिंह को घेर कर क्रूरता से हत्या कर दी। मनबढ़ों ने उत्कर्ष का पीछा किया और घर घेर लिया। उन्होंने फरसे और लाठी-डंडे से हमला कर मार डाला। यही नहीं बड़ी निर्ममता से उसकी आंखें फोड़ डालीं और कान काट दिए। पुलिस ने परिवारीजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया था जबकि एक आरोपी अभी फरार है। इस हत्याकांड को लेकर शनिवार को गांववालों का गुस्सा भड़क गया। वे हत्यारोपियों के घर बुलडोजर ऐक्शन की मांग पर अड़ गए। ग्रामीणों ने करीब ढाई घंटे तक शव को रोके रखा। बाद में एसडीएम सदर ने ज्ञान लेने के बाद सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर परिवारीजन दाह संस्कार को राजी हुए।

### बीवी ने पड़ोसी संग रचाई शादी, नाराज पति ने चाकू गोदकर आशिक को मौत के घाट उतारा

**उन्नाव.** यूपी के उन्नाव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां बीवी के अवैध संबंध और दूसरी शादी से नाराज पति ने उसके आशिक की हत्या कर दी। मृतक के छोटे भाई ने तहरीर देते हुए पड़ोसी पर हत्या का केस दर्ज कराया। हालांकि वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी ने चाकू के साथ थाने में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित को कोर्ट के सामने पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

ये घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के कासिमनगर मोहल्ले का है। इरफान ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले का ही रहने वाले नौशाद की पत्नी इरफाना ने कुछ साल पहले तलाक देकर मेरे भाई नूर आलम से शादी कर ली थी। इसे लेकर दोनों परिवारों में रंजिश रही थी। गुरुवार देर रात नौशाद ने घर के बाहर बैठे भाई नूर पर चाकू से वार कर हत्या कर दी। पूरी घटना मैंने और बहन रूसी देख रही थी। हमने उसे पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन फरार हो गया। हालांकि वारदात तको अंजाम देने के बाद नौशाद चाकू लेकर सदर कोतवाली पहुंच गया। जहां पूछताछ के दौरान उसने हत्या की बात कबूल की।

### सपा नेता के भतीजे पर चार बदमाशों ने बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, हालत गंभीर

**हापुड़.** यूपी के हापुड़ में बाइक सवार चार बदमाशों ने नवादा अंडरपास के पास शुक्रवार रात 8:30 बजे सपा नेता और पूर्व नगर अध्यक्ष के भतीजे मनशाद पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वह तीन गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। घायल को गंभीर हालत में मेरठ अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि कपड़े के व्यापार में विवाद के चलते मनशाद पर जानलेवा हमला किया गया है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोटला मेवातियान निवासी सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगर अध्यक्ष याद इलाही कुरैशी ने बताया कि उनके भतीजा मनशाद की पुरानी चुंगी पर चाय की दुकान है। इसके साथ वह गढ़ गेट के रहने वाले कुछ लोगों के साथ कपड़ों का व्यापार भी करता है। शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे मनशाद अपने दोस्त जमालुद्दीन के साथ बाइक द्वारा थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव नवादा में अपने दोस्त जीतू के घर जा रहा था।

# अमेरिकी कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ को गैर-कानूनी बताया

- **फिलहाल रोक नहीं**
- **ट्रम्प बोले- टैरिफ हटे तो अमेरिका बर्बाद हो जाएगा**



**वाशिंगटन डीसी.** अमेरिका की एक अपील कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया है। कोर्ट का कहना है कि ट्रम्प ने इन टैरिफ को लागू करने के लिए जिस कानून का सहारा लिया, वह उन्हें यह अधिकार नहीं देता।

कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के पास हर आयात पर टैरिफ लगाने की असीमित शक्ति नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इस फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोक दिया है, ताकि ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें।

ट्रम्प ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर ये टैरिफ हटे, तो अमेरिका बर्बाद हो जाएगा।

**कोर्ट बोला- टैरिफ लगाने की शक्ति संसद के पास**

ट्रम्प ने चीन, कनाडा, मेक्सिको जैसे देशों पर व्यापार घाटे और अन्य कारणों से टैरिफ लगाए थे। उन्होंने तर्क दिया था कि अमेरिका का व्यापार घाटा ही राष्ट्रीय आपातकाल है। ट्रम्प ने इन कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (IEEPA) के तहत सही ठहराया था। उनका कहना था कि व्यापार असंतुलन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और इसलिए उन्होंने व्यापार पर 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर टैरिफ लगाए। अब कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और कहा कि शुल्क लगाना राष्ट्रपति के अधिकार में नहीं आता, यह शक्ति केवल संसद के पास है।

7-4 के बहुमत से दिए गए इस फैसले में अदालत ने साफ लिखा कि 1977 में जब कांग्रेस ने IEEPA कानून बनाया था, तब उसका मकसद राष्ट्रपति को बिना सीमा के शुल्क लगाने की ताकत देना नहीं था।

**150 दिन के लिए 15% टैरिफ ही लगा सकते हैं**

यह फैसला छोटे व्यवसायों और अमेरिकी राज्यों के गठबंधन द्वारा दायर मुकदमों पर आया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प 150 दिनों तक 15% टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन इसके लिए ठोस कारण चाहिए। फैसले में कहा गया कि IEEPA में 'टैरिफ' शब्द का कहीं जिक्र नहीं है और न ही इसमें राष्ट्रपति के अधिकारों पर कोई स्पष्ट सीमा तय की गई है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब संसद चाहती है कि राष्ट्रपति को शुल्क लगाने का अधिकार दिया जाए, तो वह इसे कानून में साफ-साफ लिखती है।

# जापान में मोदी ने बुलेट ट्रेन का सफर किया



**इसे चलाने की ट्रेनिंग ले रहे भारतीय ड्राइवरों से मिले**

PM मोदी शनिवार को जापान दौरे के दूसरे दिन एडवांस बुलेट ट्रेन E10 देखने मियागी प्रांत के सेंडाई पहुंचे। यहां उनके साथ जापान के PM शिगेरू इशिबा भी मौजूद थे।

दोनों नेताओं ने ट्रेन में सफर भी किया। इस दौरान उन्होंने भारत के ट्रेन ड्राइवरों से मुलाकात भी की। इन्हें जापान का ईस्टर्न रेलवे ट्रेनिंग दे रहा है। ये भारत में चलने वाली बुलेट ट्रेनों को चलाएंगे।

सेंडाई पहुंचने पर स्थानीय लोगों और भारतीय समुदाय ने उनका स्वागत किया। लोग हाथों में झंडे लेकर 'जापान में आपका स्वागत है, मोदी सैन!' के नारे लगा रहे थे।

इससे पहले मोदी ने शुक्रवार को 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों देशों में 150 समझौते हुए। जापानी PM ने भारत में अगले 10 साल में 6 लाख करोड़ रुपए निवेश की बात कही।

### SCO समिट के लिए चीन रवाना

जापान के बाद मोदी अब चीन के दौरे पर रवाना हो गए हैं। वे रविवार को SCO समिट में शामिल होंगे। इसके अलावा मोदी चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करेंगे।

**इमाम एसोसिएशन बोला-**

# देश संविधान से चलेगा, गीता-कुरान से नहीं

- **भागवत का भारत को हिंदू राष्ट्र कहना हमारा अपमान**
- **पर्सनल लॉ खत्म नहीं होने देंगे**



**नई दिल्ली.** RSS प्रमुख मोहन भागवत के भारत को हिंदू राष्ट्र बताने वाले बयान पर ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन ने आपत्ति जताई है। इस संस्था के अध्यक्ष मौलाना साजिद राशिदी ने शनिवार को कहा, 'भारत संविधान और कानून से चलेगा। गीता या कुरान से नहीं।'

भागवत ने पिछले एक हफ्ते में तीन से ज्यादा बार भारत को हिंदू राष्ट्र कहा। इस पर राशिदी ने कहा कि बार-बार हिंदू राष्ट्र का जिक्र करना बाकी धर्मों का अपमान है। आप कहते हैं कि पूरे देश में सबके लिए एक जैसा कानून होना चाहिए, ऐसे कानून पहले से मौजूद हैं। हम भारत में मुसलमानों, बौद्धों और सिखों के पर्सनल लॉ खत्म नहीं होने देंगे।

# कोई परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता है -राजनाथ

- **भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा**



> ऑपरेशन सिंदूर भले ही कुछ दिनों का युद्ध, भारत की जीत और पाकिस्तान की हार की कहानी जैसा लगे, लेकिन इसके पीछे वर्षों की रणनीतिक तैयारी और रक्षा तैयारियां थीं।
>
> **राजनाथ सिंह**
> रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी टैरिफ पर विवाद के बीच कहा कि कोई भी देश परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। सिर्फ परमानेंट इंटरेस्ट होता है। राजनाथ ने यह बात एनडीटीवी डिफेंस समिट में शनिवार को कही।

उन्होंने कहा कि दुनिया में ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं। विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता, लेकिन हम राष्ट्रीय हित और लोगों के हितों से समझौता नहीं करेंगे।

राजनाथ के इस बयान को ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ भारत, रूस और चीन के करीब आने की खबरों से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी आज ही जापान से चीन के दौरे पर रवाना हुए हैं। वे यहां एससीओ समित मे दोनों देश के राष्ट्रपति से मिलेंगे।

सिंह ने कहा, हमारे लिए अपने लोगों का, किसानों का, छोटे व्यापारियों का, देशवासियों का हित सबसे ऊपर है। चाहे कितना भी दबाव डाला जाए, लेकिन भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा।

### सिंह बोले- भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 24 हजार करोड़

- 'दुनिया भारत की रक्षा क्षमताओं की गवाह है। जिस तरह से हमारी सेनाओं ने स्वदेशी उपकरणों के साथ पाकिस्तान पर सटीक हमले किए, उससे पता चलता है कि कोई भी मिशन बिना दूरदर्शिता और तैयारी के सफल नहीं हो सकता।'
- '2014 में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 700 करोड़ रुपए से कम था। आज यह बढ़कर लगभग 24 हजार करोड़ रुपए हो गया है, जो एक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल खरीदार नहीं रहा बल्कि निर्यातक बन रहा है।'
- इस समिट में वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया, 'पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज पर लाने के लिए भारतीय वायुसेना ने 50 से भी कम हथियार दागे। 'युद्ध शुरू करना बहुत आसान है, लेकिन उसे खत्म करना उतना आसान नहीं है।

### दिल्ली के कालकाजी मंदिर में सेवादार की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली.** दिल्ली के प्रसिद्ध कालकाजी मंदिर में प्रसाद को लेकर शुक्रवार रात एक सेवादार की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दो युवक बेसुध पड़े सेवादार पर लगातार डंडे बरसाते दिखे। आसपास 3-4 युवक और खड़े थे। घटना को अंजाम देकर सभी मौके से फरार हो गए। दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। उसकी पहचान दक्षिणपुरी निवासी 30 साल के अतुल पांडे के रूप में हुई है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनकी पहचान अभी नहीं हुई है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, मृतक सेवादार की पहचान 35 साल के योगेश सिंह के रूप में हुई। वे उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले थे और पिछले 14-15 सालों से कालकाजी मंदिर में सेवादार थे। पुलिस को कल रात लगभग 9:30 बजे एक PCR कॉल पर घटना की जानकारी मिली थी।

# ममता ने खोल दिया केंद्र के खिलाफ मोर्चा

- **SIR पर सेंसर मोशन की तैयारी**
- **बुलाया विशेष सत्र**



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सत्तारूढ़ टीएमसी और बीजेपी दोनों ने जोरदार तैयारियां शुरू कर दी हैं। पश्चिम बंगाल की सरकार 1 से 4 सितंबर तक विधानसभा का विशेष सत्र बुला रही है। इसमें बीजेपी शासित राज्यों में बंगालियों के साथ कथित अत्याचार को लेकर सेंसर मोशन लाया जा सकता है। इसके अलावा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के खिलाफ भी विधानसभा में प्रस्ताव किया जा सकता है।

बता दें कि चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर करवाया है जिसका विपक्ष पुरजोर विरोध कर रहा है। बंगाल में तीन दिन विधानसभा का विशेष सत्र चलेगा। ममता बनर्जी ने कई बार राजस्थान से ओडिशा तक बंगालियों पर होने वाले अत्याचार को लेकर बीजेपी पर हमला किया है। ममता बनर्जी ने दूसरे राज्यों से वापसे आने वाले बंगालियों के लिए श्रमश्री योजना की भी शुरुआत की है। इसके तहत मजदूरों को 5 रुपये प्रति महीने की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

जानकारी के मुताबिक विधानसभा में टीएमसी एसआईआर का विरोध करेगी। कई जानकारों का कहना है कि चुनाव आयोग बंगाल में भी विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर करवा सकता है। उधर राहुल गांधी बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाल रहे हैं। टीएमसी नेता यूसुफ पठान और ललितेश त्रिपाठी बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के अंतिम चरण में सोमवार को हिस्सा लेकर अपनी पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक हैं। बिहार में जारी कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' के तहत शुक्रवार को सीवान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया था कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ''निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी करते पकड़ी गई है', इसलिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता घबरा गए हैं।

# 9वीं की स्टूडेंट की स्कूल टायलेट में डिलीवरी

- **लेबर पेन होने पर दूसरे बच्चों ने स्कूल मैनेजमेंट को बताया**
- **POCSO के तहत मामला दर्ज**

**यादगीर.** कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर तालुक में एक सरकारी रेसिडेंशियल स्कूल की 9वीं क्लास की स्टूडेंट ने स्कूल टॉयलेट में बच्चे को जन्म दिया। घटना 27 अगस्त की है। पुलिस FIR के मुताबिक लड़की 9 महीने की प्रेग्नेंट थी।

मामला तब सामने आया जब उसके साथ पढ़ने वाली दूसरी लड़कियों ने पीड़ित को दर्द में देखा। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट को बताया। लड़की और बच्चे दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि स्कूल प्रबंधन और पीड़ित के भाई ने उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी। जांच के दौरान 28 साल के एक व्यक्ति पर पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस घटना के बाद कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक कंथाराजू ने भी स्कूल के 2 टीचर्स को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

**पुलिस ने 4 लोगों पर मामला दर्ज किया**

पुलिस ने बताया कि लड़की की गर्भावस्था के बारे में अधिकारियों को सूचित न करने के आरोप में हॉस्टल वार्डन, स्कूल प्रिंसिपल, स्टाफ नर्स और पीड़िता के भाई समेत चार और लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।लड़की सेशन की शुरुआत में स्कूल आ रही थी।

कर्नाटक बाल अधिकार आयोग के सदस्य शशिधर कोसाम्बे ने कहा कि आयोग मामले से जुड़े लोगों के खिलाफ एक्शन लेते हुए मामला दर्ज करेगा। वे लड़की और उसके परिवार से मिलने शाहपुर भी जाएंगे।

# एशिया कप के मैचों का टाइम बदला

- **7:30 की बजाए 8 बजे से शुरू होगा**
- **UAE में गर्मी की वजह से किया गया बदलाव**

क्रिकेट एशिया कप 2026 के मैचों के शुरू होने का टाइम बदल दिया गया है। मुकाबले की शुरुआत अब शाम 7.30 बजे की जगह रात 8 बजे से होगी। यह फैसला UAE में काफी गर्म कंडीशन को देखते हुए लिया गया है।

एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से UAE में होगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट इस बार टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा।

**ब्रॉडकास्टर्स ने मंजूरी दे दी**

सितंबर में जब UAE में टूर्नामेंट खेला जाएगा। उस समय दिन के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और देर शाम तक ऐसे ही रहने की उम्मीद है। इतनी भीषण गर्मी में खेलने से बचने के लिए क्रिकेट बोर्ड्स ने मैचों के समय को थोड़ा आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। ब्रॉडकास्टर्स से यह अनुरोध किया गया और उन्होंने बदलावों पर मंजूरी दे दी।

**एशिया कप 2025 में ग्रुप स्टेज का शेड्यूल**

| | | |
|---|---|---|
| AFG vs HKG<br>9 सितंबर<br>अबू धाबी | IND vs UAE<br>10 सितंबर<br>दुबई | BAN vs HKG<br>11 सितंबर<br>अबू धाबी |
| PAK vs OMA<br>12 सितंबर<br>दुबई | BAN vs SL<br>13 सितंबर<br>अबू धाबी | PAK vs IND<br>14 सितंबर<br>दुबई |
| UAE vs OMA<br>15 सितंबर<br>अबू धाबी | SL vs HKG<br>15 सितंबर<br>दुबई | BAN vs AFG<br>16 सितंबर<br>अबू धाबी |
| PAK vs UAE<br>17 सितंबर<br>दुबई | SL vs AFG<br>18 सितंबर<br>अबू धाबी | IND vs OMA<br>19 सितंबर<br>अबू धाबी |

**भारत का पहला मैच UAE से**

भारत, पाकिस्तान, ओमान और UAE को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को UAE, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

# सरकारी नहीं है मंदिर का पैसा, केवल देवता का अधिकार

- **हाई कोर्ट का तमिलनाडु सरकार को झटका**

**चेन्नई.** मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को झटका दिया है। कोर्ट की तरफ से कहा गया कि भक्तों द्वारा मंदिर को दान किया गया धन केवल देवता का है। ऐसे में इसका इस्तेमाल केवल मंदिर के किसी काम के लिए या फिर धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। इस फैसले के साथ ही हाई कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा 2023 से 2025 के बीच जारी किए गए उन 5 आदेशों को भी रद्द कर दिया, जिनमें मंदिर के धन का उपयोग करके विवाह मंडपों का निर्माण करने को कहा गया था।

मंदिर की संपत्ति और धन को सरकार द्वारा व्यावसायिक रूप से उपयोग करने के खिलाफ दायर याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि सरकार के पास मंदिर के धन का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ता का तर्क था कि सरकार ने जिन विवाह भवनों का निर्माण मंदिर के पैसे से करवाना चाहती है उसका कोई धार्मिक उद्देश्य नहीं है, क्योंकि इन्हें किराए पर दिया जा रहा है।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ के न्यायमूर्ति एस.एम सुब्रहमण्यम और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की बेंच ने इस सप्ताह की शुरुआत में यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि तमिल नाडु सरकार मंदिर के संसाधनों का उपयोग केवल मंदिरों के रखरखाव और विकास तथा उससे जुड़ी धार्मिक गतिविधियों पर करने के लिए बाध्य है।

### 'हिंदू विवाह एक संस्कार, धार्मिक उद्देश्य नहीं'

राज्य सरकार की तरफ से वकील वीरा कथिरावन ने तर्क दिया कि मंदिर के धन का उपयोग समाज के लिए ही किया जा रहा है। जिन भवनों का निर्माण किया गया है, उनमें धार्मिक रीति-रिवाजों के तहत किए जाने वाले हिंदू विवाह को ही अनुमित दी जाएगी। राज्य ने अदालत को आगे बताया कि अभी तक कोई पैसा जारी नहीं किया गया है और सभी प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त की जाएगी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने राज्य के इस तर्क को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसने माना कि हिंदू विवाह को एक संस्कार माना जाता है, लेकिन हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत इसमें संविदात्मक तत्व भी शामिल हैं। इसलिए, हिंदू विवाह एचआर एंड सीई अधिनियम के तहत अपने आप में एक 'धार्मिक उद्देश्य' नहीं है.

# ह्यूमन GPS नाम से मशहूर आतंकी मारा गया

- **25 सालों में 100+ घुसपैठ में मदद कराई थी**
- **गुरेज में दो दिन पहले एनकाउंटर**

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (LoC) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन GPS के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान को समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। वह सुरक्षा एंजेसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था।

सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में रह रहा था। वह 25 सालों से सीमा पार आतंकवाद में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था।

सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर के नौशेरा नार इलाके में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है। हालांकि, दोनों के शव बरामद हो गए हैं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### धनखड़ ने विधायक पद की पेंशन का आवेदन किया

**नई दिल्ली.** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब पूर्व विधायक के नाते मिलने वाली पेंशन के लिए राजस्थान विधानसभा सचिवालय में फिर से आवेदन किया है। धनखड़ 1993 से 1998 तक किशनगढ़ सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे। पूर्व विधायक के तौर पर उन्हें जुलाई 2019 तक पेंशन मिल रही थी। जुलाई 2019 में पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल बनने के बाद पेंशन बंद हो गई थी।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
अंबरनाथ नगरपरिषद
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ**

जा. क्र. अंनप / मिळकत/२०२५-२६/१०० दि. : २९/८/२०२५

**शुध्दीपत्रक**

**विषय :- नगरपरिषदेच्या मालकीचे आरक्षण क्र. ४४ वर बांधकाम केलेले १६ गाळे भाड्याने देणेबाबतची लिलाव प्रक्रिया स्थगित करणेबाबत.**

अंबरनाथ नगरपरिषदेच्या मालकीचे आरक्षण क्र. ४४ वर बांधकाम केलेले मोहन सबबिया येथील दुकान केंद्र (१६ गाळे), अंबरनाथ (प.) येथील दुकानांचे गाळे भाडयाने देणेबाबतची लिलाव प्रक्रिया काही तांत्रिक कारणास्तव स्थगित करणेत येत आहे.

शिक्का

सही/-
**मुख्याधिकारी**
अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ.

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
अंबरनाथ नगरपरिषद
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ**

जा. क्र. अंनप / मिळकत/२०२५-२६/८९ दि.:-२९/०८/२०२५

**शुध्दीपत्रक**

**विषय :- अंबरनाथ नगरपरिषद क्षेत्रातील मौजे खुंटवली शाळेजवळ बांधण्यात आलेल्या बहुउद्देशीय सभागृहातील दुसरा मजला रक्तपेढीसाठी भाडयाने देणेबाबतची लिलाव प्रक्रिया स्थगित करणेबाबत.**

अंबरनाथ नगरपरिषद क्षेत्रातील मौजे खुंटवली शाळेजवळ बांधण्यात आलेल्या बहुउद्देशीय सभागृहातील दुसरा मजला रक्तपेढीसाठी भाड्याने देणेबाबतची लिलाव प्रक्रिया काही तांत्रिक कारणास्तव स्थगित करणेत येत आहे.

शिक्का

सही/-
**मुख्याधिकारी**
अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ.

## संक्षेप...

### 218 किलो मिलावटी पनीर और 478 लीटर दूषित दूध नष्ट

**मुंबई.** त्योहारों के मौसम की शुरुआत के साथ, FDA ने मुंबई में मिलावट के खिलाफ अपनी सतर्कता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने 42 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया है। प्रयोगशाला परीक्षण के लिए 55 खाद्य नमूने एकत्र किए गए हैं और विशेष छापेमारी के दौरान 218 किलो मिलावटी पनीर और 478 लीटर दूषित दूध नष्ट किया गया है। एक बड़े अभियान में, FDA अधिकारियों ने बिना लेबल के बेचे जा रहे एनालॉग पनीर को जब्त किया। खाद्य नमूनों को परीक्षण के लिए रखा गया, जबकि शेष 218 किलो पनीर को बाजार में पनीर के रूप में बेचे जाने से रोकने के लिए नष्ट कर दिया गया।

# मुंबई में मराठा आरक्षण आंदोलन का दूसरा दिन

## मनोज जरांगे बोले- ये आखिरी लड़ाई, सरकार हमारे धैर्य की परीक्षा न ले






**मुंबई.** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की भूख हड़ताल का आज दूसरा दिन है। जरांगे जालना से बुधवार को मुंबई के लिए निकले थे। उन्होंने 29 अगस्त को मुंबई आजाद मैदान में अनशन शुरू किया। जरांगे ने घोषणा की कि जब तक समुदाय की मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे पीछे नहीं हटेंगे।

मनोज ने चेतावनी दी कि हम अपना हक मांग रहे हैं, यह हमारी आखिरी लड़ाई है। सरकार समुदाय के धैर्य की परीक्षा न ले। अगर शिक्षा और नौकरियों में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग पर फैसला लेने में देरी होती है, तो वह अगले 2 दिनों में पानी पीना बंद कर देंगे।

जरांगे की मांग है कि सभी मराठों को नौकरी और शिक्षा में आरक्षण के लिए ओबीसी के तहत कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। शुक्रवार को मुंबई पहुंचे सैकड़ों समर्थकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर शरण ली। कई प्रदर्शनकारियों ने अपनी गाड़ियों में रात बिताई।

### महाराष्ट्र सरकार ने मराठा आरक्षण समितियों का कार्यकाल बढ़ाया

जरांगे के आंदोलन के बीच महाराष्ट्र सरकार ने वंशावली समितियों का कार्यकाल 30 जून 2026 तक बढ़ा दिया है। ये समितियां ओबीसी कैटेगरी में आने वाली कुनबी जाति के पात्र मराठा समुदाय के लोगों को जाति और जाति वैधता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए तालुका स्तर पर बनाई गई हैं।

25 जनवरी 2024 को वंशावली समितियों का गठन किया था और उनका कार्यकाल पहले 30 जून 2025 तक बढ़ाया था।

### समर्थकों के कारण दक्षिण मुंबई में जाम

शनिवार को मुंबई में सीएसएमटी और आसपास के इलाकों में यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पुलिस प्रदर्शनकारियों को रास्ता खाली करने के लिए मनाने में जूझती रही। प्रदर्शनकारी शौचालय, पानी और शेल्टर जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए थे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों की तैनाती की गई। मुंबई पुलिस ने भी 2000 से ज्यादा कर्मियों को तैनात किया है।



**भिवंडी.** श्रीनारायण प्लाजा कोंबड पाड़ा में एड.व्यंकटेश एवं वनिता चिटकेन परिवार द्वारा 43 वें वर्ष स्थापति विघ्नहर्ता गणेश की मनमोहक मूर्ति दर्शन का लाभ भक्तगण उठा रहे हैं.



**भिवंडी.** गाजेंगी निवास (शिवाजी चौक कोंबड पाड़ा) स्थित भाजपा वरिष्ठ नेता एवं एमसीएचआई भिवंडी यूनिट वाइस प्रेसीडेंट कृष्णा आर गाजेंगी परिवार द्वारा 54 वें वर्ष स्थापित विघ्नहर्ता गणराया की भव्य मूर्ति के दर्शन का लाभ भक्तगण उठा रहे हैं.

# वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत 74 मनपाकर्मियों का स्थानांतरण

- प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर ने जारी किए ट्रांसफर आदेश






**भिवंडी.** भिवंडी निज़ामपुर नगर निगम के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर ने महाराष्ट्र सरकारी कर्मचारी स्थानांतरण विनियमन एवं सरकारी कर्तव्य पालन में विलंब निवारण अधिनियम, 2005 की धारा 4 के अनुसार, वर्ष 2017 से एक ही विभाग में कार्यरत 74 कर्मचारियों को अन्य विभागों में स्थानांतरित कर दिया है. आयुक्त अनमोल सागर द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्थानांतरित सभी कर्मचारियों को तत्काल नए विभाग में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है. गौरतलब हो कि, भिवंडी निज़ामपुर नगर निगम में लिपिक के पद पर कार्यरत कई कर्मचारी वर्षों से एक ही विभाग में कार्यरत थे. इस संबंध में आयुक्त को कई नागरिकों, पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से शिकायतें प्राप्त हुई थीं.विभागाध्यक्षों का स्थानांतरण एक निश्चित अवधि में होता है, लेकिन चूँकि उस विभाग के लिपिक वर्षों से एक ही डेस्क पर या एक ही विभाग में कार्यरत थे.मनपा सेवा शर्त के अनुसार, प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सेवा अवधि के दौरान विभिन्न विभागों का काम सीखना आवश्यक होता है.इसी के अनुरूप, 2017 से पहले से एक ही विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का अन्य विभागों में स्थानांतरण किया गया है.आयुक्त अनमोल सागर ने स्थानांतरित कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है यदि वे अपने नए स्थान पर नहीं ड्यूटी ज्वाइन नहीं करते अथवा स्थानांतरण रद्द करने या संशोधित करने के लिए राजनीतिक और गैर-राजनीतिक दबाव डालते हैं.शहर उक्त जानकारी मनपा स्थापना विभाग सहायक आयुक्त अजीत महाडिक द्वारा दी गई है.

शहर के जागरूक नागरिकों को भरोसा है कि, प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर वर्षों से एक ही विभाग में कुंडली मारकर बैठे दर्जनों भ्रष्ट अधिकारियों का भी जल्द ट्रांसफर कर मनपा कामकाज को पारदर्शी बनाने हेतु ठोस कदम उठाएंगे.

### भागवत सोनवने ठाणे एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त



**ठाणे.** भागवत सोनवने ने हाल ही में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने संजय गोविलकर से इस पद की बागडोर संभाली है। इससे पहले सोनवने महाराष्ट्र पुलिस बल में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थे। उन्हें आपराधिक और भ्रष्टाचार निरोधक मामलों की जाँच का व्यापक अनुभव है। उन्होंने नवी मुंबई स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में काम किया है, जिसके कारण उन्हें भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों की गहन जानकारी है। उन्होंने पनवेल संभाग, नागपुर, मुंबई, नासिक के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में भी उत्कृष्ट सेवा प्रदान की है।

# जिला प्रशासन सदैव गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने का करता है प्रयास

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने कार्यालय के समिति भवन में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले के पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में कहा कि प्रशासन ठाणे जिले के खिलाड़ियों के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध करने का सदैव प्रयासरत है।इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी सुवर्णा बारटक्के, पुरस्कार विजेता खिलाड़ी और उनके परिजन उपस्थित थे।इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जिले में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। खिलाड़ियों की रुचि को देखते हुए उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। जिले के खिलाड़ियों से संवाद करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने सम्मानित किया। पवन मुकुंद भोईर (जिम्नास्टिक), संयुक्ता प्रसेन काले (रिदमिक जिम्नास्टिक), आर्यन भालचंद्र जोशी (बैडमिंटन), धर्मेंद्र कुमार यादव (पावर लिफ्टिंग), उदय उमेश उटेकर (तैराकी वाटर पोलो), अपूर्व महेश पाटिल (जूडो), अजीत करभारी, शौर्य अंबुरे (फील्ड गेम्स-बाधा दौड़), शरद कुलकर्णी वरिष्ठ पर्वतारोही को डॉ पांचाल ने शॉल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# ठाणे मनपा क्षेत्र में 19567 गणेश मूर्तियों का विसर्जन

- 15 टन से अधिक निर्माल्य एकत्रित



**ठाणे.** मनपा क्षेत्र में डेढ़ दिन तक चलने वाला गणेश मूर्ति विसर्जन गुरुवार को भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस वर्ष मनपा क्षेत्र में डेढ़ दिन तक 19567 गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इनमें से 11695 मूर्ति पीओपी की थीं। जबकि 7781मूर्ति शाडू मिट्टी की थीं।मनपा की वैकल्पिक गणेश विसर्जन व्यवस्था के तहत बनाए गए कृत्रिम तालाबों में गणेश मूर्तियों के विसर्जन को इस वर्ष श्रद्धालुओं ने अच्छी प्रतिक्रिया दी। इस व्यवस्था ने पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव की अवधारणा को लागू करके राज्य में पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव का एक उदाहरण स्थापित किया है। पिछले वर्ष, कृत्रिम तालाब में 8700 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 12970 हो गई है। जबकि पिछले वर्ष खाड़ी विसर्जन घाट पर 6520 मूर्ति विसर्जित की गई थीं। इस वर्ष यह संख्या 3382 है। साथ ही, श्रद्धालुओं ने पिछले वर्ष विशेष कुंड प्रणाली में 1621 मूर्ति विसर्जित की थीं। इस वर्ष यह संख्या 2613 है।मनपा के गणेश प्रतिमा स्वीकृति केंद्र पर प्राप्त कुल 495 गणेश मूर्तियों के साथ-साथ चलित विसर्जन प्रणाली में 107 गणेश मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया गया। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, छह फीट तक की प्रतिमाओं का कृत्रिम तालाबों में तथा उससे बड़ी प्रतिमाओं का खाड़ी घाटों पर विसर्जन किया जा रहा है। कुछ श्रद्धालुओं ने छोटी प्रतिमाओं का भी खाड़ी घाट में विसर्जन करने पर जोर दिया।

### भक्तों द्वारा दान किया गया 15 टन से अधिक निर्माल्य

इस वर्ष मनपा के ठोस अपशिष्ट विभाग की खाद परियोजना में निर्माल्य को जैव-खाद विधि से खाद बनाने के लिए जमा किया गया।यह परियोजनाएँ कोलशेत, कौसा, ऋतु पार्क में संचालित हैं। डेढ़ दिन के गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान 15 टन से अधिक निर्माल्य एकत्रित किया गया है। इस निर्माल्य का प्रसंस्करण कर उसका जैविक खाद तैयार किया जाएगा। साथ ही, निर्माल्य में मौजूद अजैव-निम्नीकरणीय घटकों को वर्गीकृत कर पुनर्चक्रण के लिए भेजा जाएगा। निर्माल्य में प्लास्टिक और थर्मोकोल की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में कम हुई है।

**अंबरनाथ में दोनों धर्म के लोगों ने पुलिस का दिया आश्वासन**

# गणेशोत्सव, ईद जुलूस पर पुलिस द्वारा बैठक

- गणेश विसर्जन को देखते हुए ईद का जुलूस 8 को

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** इस वर्ष 6 सितंबर को गणेश विसर्जन एवं 5 सितंबर को ईद-ए-मिलाद का जुलूस होने के कारण शहर में शांति कायम रहे एवं हिंदू मुस्लिम एकता बरकरार रहे इसलिए अंबरनाथ मुस्लिम जमात द्वारा शहर पश्चिम से निकाला जाने वाला जुलूस सोमवार 8 सितंबर को निकाला जाएगा.

विदित हो कि इस वर्ष हजरत मोहम्मद सल्लम का 1500वां जन्मदिवस देश में ही नहीं पूरे विश्व में मनाया जा रहा है. इस जुलूस की तैयारी शहर में अभी से शुरू हो चुकी है. दोनों त्यौहार शांति से गुजरे इसके लिए पुलिस प्रशासन और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शहर पश्चिम के पुलिस स्टेशन में हो चुका है. गणेशतोसव पर भी एक बैठक पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित की जा चुकी है. दोनों धर्म के लोगों ने पुलिस को सहकार्य करने एवं आपसी सौहार्द को बरकरार रखने पर सहमति जताई है. झोन 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने दोनों धर्मों के लोगों से अपील की है कि गणेशोत्सव या ईद के जुलूस में धार्मिक भावना भड़काने वाले गाने, घोषणा, पोस्टर्स से दूर रहें. डीजे पर पूरी तरह पाबंदी लगाई गई है. अगर डीजे का इस्तेमाल किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी. दो पहिया वाहनों पर ट्रिपल सीट प्रवास पर सख्त मनाई की गई है.

जुलूस में इस्तेमाल होने वाले झंडे केवल लकड़ी पर हों. स्टील या लोहे के रॉड इस्तेमाल पर पाबंदी रहेगी. पुलिस बल, होमगार्ड, विशेष गश्त पथक तैनात किया जाएगा, ऐसा पुलिस प्रशासन की ओर से कहा गया है.

# एग फ्रीज कराना चाहती थीं सोहा अली खान

- 35 की उम्र में डॉक्टर के पास पहुंची तो जवाब मिला- इसके लिए बूढ़ी हो चुकी हो



एक्ट्रेस सोहा अली खान ने 'ऑल अबाउट हर' पॉडकास्ट शुरू किया है। इसमें वो सरोगेसी, अडॉप्शन और बच्चे के जन्म से जुड़े मेडिकल, इमोशनल और सोशल पहलुओं पर चर्चा करती हैं। हाल ही में उनके पॉडकास्ट में एक्ट्रेस सनी लियोनी और फर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ. किरण कोएल्हो शामिल हुईं। इस पॉडकास्ट का एपिसोड शुक्रवार को रिलीज हुआ।

पॉडकास्ट के दौरान सोहा ने बताया कि जब वह 35 साल की उम्र में एग्ज यानी अंडाणु फ्रीज करवाने डॉक्टर के पास गईं तो उन्हें कहा गया कि इसके लिए वह बूढ़ी हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा, 'मुझे याद है, मैं 35 साल की थी जब मैं गायनोकोलॉजिस्ट के पास गई और कहा कि मैं अपने अंडाणु फ्रीज करवाना चाहती हूं। डॉक्टर ने कहा – ये तो पहले से ही बहुत बूढ़े हो चुके हैं। मैंने कहा – सब लोग कहते हैं मैं बहुत जवान दिखती हूं। उन्होंने जवाब दिया – तुम्हारी ओवरी तुम्हारा चेहरा नहीं देख सकती। ये बात लंबे समय तक मेरे दिमाग में रही।

सोहा ने आगे कहा कि अब कई भरोसेमंद फर्टिलिटी टेस्ट मौजूद हैं। इनमें एंटी-मुलरियन हार्मोन और पीरियड्स के दूसरे दिन किया जाने वाला एंट्रल फॉलिकल काउंट शामिल है। दोनों को मिलाकर आने वाले सालों में फर्टिलिटी का अनुमान लगाया जा सकता है। उनके अनुसार, आदर्श उम्र 28 से 34 साल के बीच है।

# अंबरनाथ व्यापारी संघ की बैंक के साथ चर्चा

## जो बैंक व्यापारियों को सहूलियत देगा, वहां पर ही खाते खोले जाएंगे - व्यापारी अध्यक्ष

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ व्यापारीसंघ के अध्यक्ष खानजी धल और पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बैंक आफ बड़ौदा के मैनेजर भूषण से भेंट करके बैंकिंग संबंध में व्यापारियों को हो रही परेशानी पर चर्चा की, जो सकारात्मक रही. व्यापारियों के खातों में से एसएमएस एवं अन्य तरीकों से काटे जा रहे रुपयों, पास बुक अपडेट मशीन का बार-बार बंद हो जाना, व्यापारियों को रकम डालने एवं निकालने में हो रही परेशानी, कतार में ज्यादा देर तक खड़े रहना, बैंक द्वारा व्यापारियों को दिए जा रहे होम लोन, कार लोन आदि रकम पर दिए जा रहे ब्याज दर, दस रुपयों के नोट की बाजार में कमी व अन्य बातों पर विस्तार से चर्चा हुई. व्यापारी अध्यक्ष बेलाराम कुंभार, सचिव यूसुफ शेख, व्यापारी जगन्नाथ कलसे आदि ने भी चर्चा में भाग लिया. मैनेजर भूषण ने भी हर एक बात का विस्तार से खुलासा करते हुए कहा कि आज के बाद से बैंक में व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी. व्यापारियों को हर तरह से सहूलियत दी जाएगी. व्यापारियों के साथ एक और बैठक का आयोजन जल्द होगा.

# दो कंटेनरों की टक्कर में पुलिस कांस्टेबल घायल



**ठाणे.** शहर के घोड़बंदर रोड पर दो कंटेनर ट्रकों की टक्कर में एक यातायात पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। इस हादसे में रात्रि ड्यूटी पर तैनात कासरवडावली यातायात पुलिस कांस्टेबल तड़वी ,गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार बाएं पैर और सिर में चोटें आईं और उन्हें तुरंत घोड़बंदर रोड स्थित टाइटन अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की कि उनके पैर में पांच और सिर पर तीन टांके लगे हैं ।ठाणे मनपा आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह हुई जब वापी (गुजरात) से न्हावा शेवा जा रहे एक कंटेनर ने गायमुख घाट के पास नियंत्रण खो दिया और मुंबई से सूरत की ओर आ रहे एक अन्य कंटेनर से सीधी टक्कर हो गई। एक ट्रक में 23 टन प्लास्टिक की थैलियां लदी थीं , जबकि दूसरे में 16 टन आयातित मशीनरी थी । अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के कारण सड़क पर भारी मात्रा में तेल फैल गया, जिसके करण वाहन चालकों के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो गया।इस दुर्घटना के कारण सड़क पर तेल फैल गया, जो वाहनों के लिए बेहद खतरनाक है।बचाव के लिए जेट पाइप के पानी के दबाव से इसे साफ किया गया।आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन तड़वी ने कहा कि दुर्घटना के कारण घोड़बंदर रोड की दोनों लेन पर लगभग दो घंटे तक भारी यातायात जाम रहा.

### आम सूचना

मैं श्रीमती अंजूम खसरू सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 1, चाल नं. 3, स्वामी शांति प्रकाश कालोनी, बसंत बहार अपार्टमेंट के सामने, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 56डीआय011977500) उक्त प्रॉपर्टी श्री फयाज अहमद खान के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 4.8.2025 सी.नं. 373 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अंजूम खसरू**

### आम सूचना

मैं श्री सोमनाथ नारायण कांबले सभी को सूचित कर रहा हूं कि महात्मा गांधी नगर, बालकनजी बारी, खेमानी रोड, शिवसेना आफीस के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 25बीओ004452800) उक्त प्रॉपर्टी श्री भीमराव शंकर थोरात के नाम पर है मैंने श्रीमती निर्मला निळू थोरात से सेल एग्रीमेंट दि. 10.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सोमनाथ नारायण कांबले**

### आम सूचना

हम श्री शशिकांत केशव कलामबाटे व धनश्री शशिकांत कलामबाटे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 519, चाल नं. 4, सह्याद्री कालोनी, सर्वे नं. 18, हिल्ला नं. 12-बी, उल्हासनगर- 4. क्षेत्र नं. 200 स्व.क्षेत्र. (टैक्स नं. 101008455100) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुरेश कुमार चंद्रन नायर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.8.2025 सी.नं. 114 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शशिकांत केशव कलामबाटे व धनश्री शशिकांत कलामबाटे**






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099